# सुशासन दिवस के अवसर पर NIC पलवल द्वारा विकसित व्हाट्सएप चैटबॉट पहल के लिए जिला स्तरीय पुरस्कार श्रेणी में पलवल जिला प्रशासन को प्रथम स्थान

सुशासन दिवस के अवसर पर **जिला प्रशासन पलवल के लिए विकसित व्हाट्सएप आधारित चैटबॉट** को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान **श्री गौरव गौतम, माननीय खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यामित्ता व कानून मंत्री, हरियाणा सरकार** द्वारा प्रदान किया गया।




**माननीय मंत्री श्री गौरव गौतम ( बायं से दुसरे ) जिला उपायुक्त श्री हरीश कुमार वशिष्ठ, भा. प्र. से ( मध्य ) श्री धर्मेन्द्र पाल कुलश्रेष्ठ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पलवल को सम्मानित करते हुए**

**NIC पलवल** द्वारा विकसित यह चैटबॉट नागरिकों को जिला संबंधी जानकारी, सरकारी योजनाओं, सेवाओं की आवेदन प्रक्रिया तथा विभागीय संपर्क की सुविधा एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। इससे नागरिकों की कार्यालयों में भौतिक उपस्थिति कम होगी तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी| NIC, पलवल की नागरिकों को जानकारी और सेवाओं तक बेहतर पहुँच प्रदान करने के लिए एक इनोवेटिव ई-गवर्नेंस पहल है। WhatsApp के व्यापक उपयोग और आसानी से इंस्टॉल होने को देखते हुए, नागरिकों के लिए अधिकतम पहुँच, समावेशिता और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इस प्लेटफ़ॉर्म को चुना गया।

यह चैटबॉट जिला प्रशासन और जनता के बीच एक सिंगल-विंडो डिजिटल इंटरफ़ेस के रूप में काम करता है, जिससे जानकारी का आसान प्रसार, सेवा मार्गदर्शन और दो-तरफ़ा संचार संभव होता है। आप **8930223445** नंबर को चैटबॉट पलवल के रूप में सेव करके और WhatsApp चैट में **Hi या Hello** भेजकर चैटबॉट को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### 2. प्रोजेक्ट के उद्देश्य

- नागरिकों को जिले से संबंधित जानकारी सरल और सुलभ तरीके से प्रदान करना।
- डिजिटल मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करके सरकारी कार्यालयों में शारीरिक मुलाकातों को कम करना।
- जिला प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना।
- नागरिकों और सरकारी अधिकारियों के बीच कुशल संचार को सक्षम बनाना।
- शासन सेवाओं के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले प्लेटफ़ॉर्म के रूप में WhatsApp का लाभ उठाना।

### 3. प्लेटफ़ॉर्म और प्रौद्योगिकी

- ✓ उपयोग किया गया प्लेटफ़ॉर्म: WhatsApp
- ✓ किसी अलग एप्लिकेशन की आवश्यकता नहीं; WhatsApp मैसेजिंग के माध्यम से पहुँचा जा सकता है
- ✓ **लक्षित उपयोगकर्ता:** आम जनता, सरकारी सेवाओं के लिए आवेदक, परीक्षा उम्मीदवार, शिकायतकर्ता आदि

### 4. मुख्य विशेषताएँ और कार्यप्रणाली

चैटबॉट में आधिकारिक जिला पलवल वेबसाइट पर उपलब्ध लगभग सभी जानकारी के साथ साथ अतिरिक्त जानकारियाँ भी शामिल है, जिसमें शामिल हैं -

- ✓ जिला पलवल के बारे में ( जनसँख्या, क्षेत्रफल, पर्यटन स्थल, जिले के मानचित्र आदि )
- ✓ जिला पलवल के विभिन्न विभागों के साथ-साथ तैनात अधिकारियों के बारे में विवरण
- ✓ विभिन्न विभागों द्वारा दी जाने वाली सरकारी योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी
- ✓ इसके माध्यम से नागरिक अपने सुझाव जिला प्रशासन को भेज सकेंगे |
- ✓ नागरिक एक निर्धारित फॉर्मेट में कुछ शीर्ष अधिकारियों को अपने सवाल भेज सकते हैं

- ✓ तेज़ समस्या समाधान और सीधे संचार की सुविधा देता है
- ✓ यूज़र डिटेल्स को सुरक्षित रूप से स्टोर करता है
- ✓ नागरिकों के सवालों का विश्लेषण और फॉलो-अप करने में सक्षम बनाता है
- ✓ महत्वपूर्ण घोषणाएँ और नोटिफिकेशन भेजने के लिए उपयोगी
- ✓ विभागों को एक साथ बड़ी संख्या में यूज़र्स तक पहुँचने में सक्षम बनाता है

**उपयोग और उपलब्धियाँ**

- ✓ जिला प्रशासन के अनुरोध पर रन फॉर यूनिटी इवेंट में प्रतिभागियों का डेटा डिजिटल रूप से इकट्ठा करने के लिए चैटबॉट का उपयोग किया गया था | जिसमें कि 657 प्रतिभागियों ने चैटबॉट के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया था | जिनको कि चैटबोट के माध्यम से ही डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किए गए थे |

- ✓ जिला न्यायालय पलवल ने आने वाले टेस्ट/परीक्षाओं के बारे में जानकारी भेजने के लिए चैटबॉट का उपयोग किया था | लगभग 2000 उम्मीदवारों को परीक्षा की जानकारी हेतु विस्तृत सन्देश भेजे गए थे |

**निष्कर्ष**

पलवल के लिए जिला प्रशासन चैटबॉट सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और अभिनव कदम है। व्हाट्सएप को सेवा वितरण प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग करके, इस प्रोजेक्ट ने नागरिक जुड़ाव को सफलतापूर्वक बढ़ाया है, संचार को सुव्यवस्थित किया है, और जिला-स्तरीय सेवाओं तक पहुँच में सुधार किया है। यह पहल दिखाती है कि शासन को लोगों के करीब लाने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जा सकता है |

Sr.No. ........

# Atal Bihari Vajpayee Good Governance Award-2025

## Government of Haryana

District Level Award

**Name, Designation & Department:** Sh. D. P. Kulshreshtha

D.I.O. NIC Palwal

**Name of the Project/Scheme/Work Performance:** Rank - 1st for Creation of chat-bot App for District Administration Palwal

District Palwal
December 25, 2025

Deputy Commissioner
Palwal



**प्रेस विज्ञप्ति**

## चैटबाट लान्च, अब वाट्सएप पर हाय या हेलो लिखते ही मिलेगी जिले की पूरी जानकारी

जागरण संवाददाता, पलवलः पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी तथा महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती बृहस्पतिवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर सुशासन दिवस कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया। लघु सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में जिले में हुए विकास को समर्पित लघु फिल्म 'बदलता पलवल-विकास की ओर बढ़ते तीव्र कदम' भी प्रदर्शित की गई। इसके साथ ही पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के शुभ संदेश का प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया गया।

मुख्यातिथि खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत भर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के साथ-साथ सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिन हमें एक बेहतर, पारदर्शी और उत्तरदायी शासन निभाने के वायदे की याद दिलाता है। सुशासन का अर्थ है वह शासन प्रणाली, जो आम नागरिकों की भलाई के लिए कार्य करे। यह पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, सहभागिता और निष्पक्षता का प्रतीक है।



कार्यक्रम में संबोधित करते खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम।

- सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती
- सुशासन की मजबूती के लिए वाट्सएप चैटबाट 8930223445 लान्च किया

गौरव गौतम ने कहा कि एक ऐसा शासन जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करे और अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहभागी बने। केंद्र और प्रदेश सरकार सुशासन के माध्यम से अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि नागरिकों को समय पर सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सके।

खेल राज्य मंत्री ने सुशासन की कड़ी को और मजबूत करते हुए एनआईसी के माध्यम से जिले से संबंधित वाट्सएप चैटबाट 8930223445 लान्च किया। इसके माध्यम से नागरिक जिला से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक सुझाव भी दे सकेंगे। नागरिक को चैटबाट पर "हाय" या "हैलो" लिखकर भेजना होगा।

सुशासन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुशासन सहयोगियों को खेल राज्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार डीआईओ पलवल डीपी कुलश्रेष्ठ व उनकी टीम को जिला पलवल से संबंधित चैटबाट बनाने के लिए, द्वितीय पुरस्कार प्रधानाचार्य आईटीआई पलवल जिले सिंह व उनकी टीम को रोजगार मेलों का आयोजन करने पर तथा तृतीय पुरस्कार सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मोहित वशिष्ठ व उनकी टीम को बाढ़ नियंत्रण में सराहनीय कार्य करने पर प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसे प्रेरणादायक बताया।

## सुशासन दिवस पर जिले को मिली डिजिटल सौगात, लॉन्च हुआ व्हाट्सएप चैटबॉट

**पलवल।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती गुरुवार को जिले में सुशासन दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाई गई। जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सुशासन के संकल्प को दोहराया गया।

लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




**सुशासन सहयोगियों को सम्मानित करते मंत्री गौरव गौतम।** संवाद

और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार सुशासन के माध्यम से अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों से नागरिकों के हित में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**चौटबॉट के माध्यम से सुझाव दे सकेंगे नागरिकः** इस अवसर पर सुशासन को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिले का व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 8930223445 लॉन्च किया गया। चैटबॉट के माध्यम से नागरिक जिला प्रशासन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही नागरिक चौटबॉट के माध्यम से किसी भी विभाग को सुझाव दे सकते हैं।

कार्यक्रम में 'बदलता पलवल-विकास की ओर बढ़ते तीव्र कदम' नामक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इसके साथ ही सुशासन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

समन्वय , संकलन व रिपोर्ट:
श्री धर्मेंद्र पाल कुलश्रेष्ठ
वैज्ञानिक-' ई' एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पलवल
राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, हरियाणा